हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 28 फरवरी 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 कानून-व्यवस्था समीक्षा बैठक में भसीन ने...



07 तमिलनाडु एक्सप्रेस में आईआरसीटीसी की वर्दीधारी ने छात्रा से ...



## खबर संक्षेप में

### ई-उपार्जन पोर्टल पर सरसों का पंजीयन प्रारंभ, अंतिम तिथि 20

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर 26 फरवरी से सरसों का पंजीयन प्रारंभ हो गया है, जो 20 मार्च 2026 तक चलेगा। सरसों का पंजीयन गेहूं, चना, मसूर पंजीयन की तरह ही किया जा रहा है। जिन किसानों ने सरसों की बुवाई की है वे अपना पंजीयन करा सकते हैं। किसान अपना पंजीयन निर्धारित लिंक पर जाकर मोबाइल या कम्प्यूटर के माध्यम से कर सकते हैं। इसके अलावा कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय और सहकारी-विपणन समितियों द्वारा स्थापित सुविधा केन्द्रों, एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्रों, साइबर कैफे आदि पर पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के दौरान भू-स्वामियों के लिये भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड, आधार नम्बर से पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं अन्य फोटो पहचान पत्र ले जाना अनिवार्य है। इसी प्रकार सिकमी एवं वन पट्टाधारी किसान वनाधिकारी पट्टाधारी सिकमीदार को आधार कार्ड, आधार नम्बर से पंजीकृत मोबाइल नम्बर एवं वनपट्टा एवं सिकमी अनुबंध की प्रति ले जाना अनिवार्य है। किसानों से उपार्जित फसल का भुगतान आधार नम्बर से लिंक बैंक खाते में किया जाएगा, इसलिए किसान अपने आधार और बैंक खाते को मोबाईल नम्बर से लिंक कराकर रखें।

### रबी 2025-26 की गिरदावरी का कार्य 97 प्रतिशत पूर्ण

**सीहोर।** जिले में रबी सीजन 2025-26 की गिरदावरी का कार्य तेजी से जारी है। 26 फरवरी 2026 को प्रातः 8:00 बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जिले में कुल 6,04,590.788 हेक्टेयर क्षेत्र में से 5,84,860.891 हेक्टेयर क्षेत्र की गिरदावरी पूर्ण कर ली गई है, जो कि 97 प्रतिशत है। निजी क्षेत्र में कुल 4,15,020.112 हेक्टेयर में से 3,97,272.907 हेक्टेयर (96 प्रतिशत) तथा शासकीय क्षेत्र में 1,88,114.879 हेक्टेयर में से 1,87,834.097 हेक्टेयर (100 प्रतिशत) क्षेत्र की गिरदावरी पूरी की जा चुकी है। तहसीलवार प्रगति की बात करें तो जावर ने 100 प्रतिशत, दोराहा ने 112 प्रतिशत, इछावर में 106 प्रतिशत, श्यामपुर में 100 प्रतिशत, भैरूंदा में 97 प्रतिशत, आष्टा में 97 प्रतिशत, सीहोर में 91 प्रतिशत, सीहोर नगर में 100 प्रतिशत, रेहटी में 95 प्रतिशत, बुधनी में 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा शेष क्षेत्रों में भी शीघ्रता से गिरदावरी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसानों से संबंधित राजस्व एवं फसल संबंधी आंकड़े समय पर अद्यतन किए जा सकें।

### रात में गायब हुआ ट्रेलर, आखिर 15 टन सरिया कहां गायब हुआ और इसके पीछे कौन-कौन शामिल?

# पार्वती पुल निर्माण में 15 टन सरिया गायब ट्रांसपोर्टर-ड्राइवर पर गबन का केस दर्ज

पुलिस के अनुसार निर्माण कार्य के लिए वर्धा (नागपुर, महाराष्ट्र) से 39.62 टन सरिया मंगाया गया था, लेकिन जब ट्रक से माल खाली कराया गया तो 12 से 15 टन तक सरिया कम पाया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में पार्वती नदी पर निर्माणाधीन पुल परियोजना में बड़ी हेरा-फेरी सामने आई है।

सीहोर में पार्वती नदी पुल निर्माण के लिए मंगाया गया 39.62 टन सरिया साइट पर पहुंचते ही संदिग्ध हालात में 12 से 15 टन कम निकला। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने ट्रांसपोर्ट कंपनी मालिक और ट्रक चालक के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार निर्माण कार्य के लिए वर्धा (नागपुर, महाराष्ट्र) से 39.62 टन सरिया मंगाया गया था, लेकिन जब ट्रक से माल खाली कराया गया तो 12 से 15 टन तक सरिया कम पाया गया। इतने बड़े पैमाने पर कमी सामने आते ही निर्माण स्थल पर हड़कंप मच गया और मामले की शिकायत तत्काल पुलिस को दी गई।

**रात में ट्रेलर गायब, सुबह लौटा ड्राइवर :** फरियादी चोप्पा लोकनाथम नायडू, निवासी भोपाल, ने रिपोर्ट में बताया कि



सरिया चौहान ट्रांसपोर्ट कंपनी, भोपाल के माध्यम से बुलवाया गया था। ट्रेलर क्रमांक MP 04 YJ 6655 को चालक दाऊद खान उर्फ आबिद लेकर साइट पर पहुंचा। तोल कांटा कराने के बाद ट्रक को खाली करने के लिए खड़ा किया गया, लेकिन इसी दौरान चालक बिना सूचना दिए ट्रेलर लेकर चला गया। कर्मचारियों ने आसपास तलाश की, परंतु ट्रक नहीं मिला। अगले दिन सुबह करीब 7 बजे चालक स्वयं वाहन लेकर लौटा और पूछने पर "खाना खाने जाने" की बात कहकर मामला टालने की कोशिश की।

#### माल खाली होते ही खुली बड़ी चोरी की पोल

जब ट्रक से सरिया खाली कराया गया तो वजन में भारी अंतर सामने आया। 39.62 टन की खेप में से 12 से 15 टन सरिया कम निकला। इतने बड़े पैमाने पर माल कम होना सीधे तौर पर सुनियोजित गबन और आपराधिक साजिश की ओर इशारा करता है। माल सप्लायर गोयल ट्रेडर्स के रोहन गोयल से संपर्क किया गया तो उन्होंने ट्रांसपोर्ट मालिक रोबिन सिंह चौहान से बात करने की बात कही, लेकिन उसके बाद भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। इससे ठेकेदार को आशंका हुई कि माल की सुनियोजित तरीके से खुर्द-बुर्द की गई है।

#### निर्माण कार्य पर पड़ा असर, करोड़ों की परियोजना सवालों में

पार्वती नदी पुल निर्माण परियोजना क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। ऐसे में निर्माण सामग्री में इस तरह की हेराफेरी से न केवल कार्य प्रभावित हुआ है बल्कि गुणवत्ता और पारदर्शिता पर भी गंभीर प्रश्न उठ खड़े हुए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो सरकारी और निजी परियोजनाओं में इस प्रकार की संगठित चोरी बढ़ सकती है। 12 से 15 टन सरिया की बाजार कीमत लाखों रुपये में आंकी जा रही है, जो सीधे-सीधे आर्थिक नुकसान है।

#### ट्रांसपोर्ट मालिक और ड्राइवर पर संगीन धाराओं में केस

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतवाली, जिला सीहोर में अपराध क्रमांक 120/2026 दर्ज किया गया है। आरोपी चालक दाऊद खान उर्फ आबिद और ट्रांसपोर्ट कंपनी मालिक रोबिन सिंह चौहान के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 316 (5) के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना शुरू कर दी गई है। सीएसपी अभिनंदना शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आपराधिक विश्वासघात और माल की हेरा-फेरी का प्रतीत होता है। पुलिस दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है और जल्द ही ठोस कार्रवाई की जाएगी।

#### जल्द गिरफ्तारी के संकेत, पुलिस जांच तेज

कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है। ट्रेलर की मूवमेंट, सीसीटीवी फुटेज, टोल प्लाजा रिकॉर्ड और मोबाइल लोकेशन खंगाली जा रही है। पुलिस को संदेह है कि सरिया को रास्ते में कहीं उतारकर अवैध रूप से बेचने की साजिश रची गई। जांच अधिकारी सूत्रों के अनुसार, यदि साक्ष्य पुख्ता मिले तो आरोपियों पर और भी गंभीर धाराएं जोड़ी जा सकती हैं। पुलिस का दावा है कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कर पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जाएगा। सीहोर में सामने आया यह मामला निर्माण सामग्री की सुरक्षा और ट्रांसपोर्ट सिस्टम की निगरानी पर बड़ा सवाल खड़ा कर गया है। अब सबकी निगाहें पुलिस कार्रवाई पर टिकी हैं कि आखिर 15 टन सरिया कहां गायब हुआ और इसके पीछे कौन-कौन शामिल है।

### बड़ागांव नप के पूर्व अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से भेंटकर विकास संबंधी चर्चा की



**नलखेड़ा।** बड़ागांव नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष उदयसिंह यादव ने मुख्यमंत्री से भेंटकर क्षेत्र के विकास संबंधी चर्चा की। गुरुवार को यादव ने मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भेंट की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। भेंट में यादव द्वारा मुख्यमंत्री से क्षेत्र के विकास के संबंध में चर्चा की गई।

### बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण एवं पुनर्वास से जुड़े मामलों में शीघ्र कार्यवाही के दिए निर्देश

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण एवं पुनर्वास से जुड़े विभिन्न मामलों की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाल संरक्षण से संबंधित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने भी बच्चों से जुड़े मामले में त्वरित कार्यवही के लिये आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में संरक्षण एवं पुनर्वास के मामले में कलेक्टर ने कहा कि बच्चों के प्रकरणों में कार्यवाही को तेज गति से संचालित करने के लिये अधिकारी स्वयं बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर दस्तावेज अथवा आवश्यक जानकारी एकत्र करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ बच्चों के हित में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों को जरूरतमंद बच्चों की पहचान, स्वास्थ्य परीक्षण, दस्तावेज उपलब्ध कराने तथा योजनाओं का लाभ समय पर दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि 'बाल आशीर्वाद योजना' अंतर्गत 335 प्रकरण प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 331 बच्चों के अनुश्रवण की कार्यवाही की गई है। बैठक में मिशन वात्सल्य अंतर्गत संचालित योजनाओं की भी समीक्षा की गई।

### जिले में सरसों भावांतर योजना के पंजीयन प्रारंभ

**नलखेड़ा।** कृषि कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत जिले में सरसों उत्पादक किसानों को लाभान्वित करने सरसों भावांतर योजना के तहत पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशन में जिले में 32 उपार्जन केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। जहां 26 फरवरी से 20 मार्च तक पंजीयन होंगे। प्रत्येक पंजीयन केन्द्र पर एक-एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है, इस प्रकार जिले में 32 नोडल अधिकारी पंजीयन कार्य का संचालन कर रहे हैं। कृषि विभाग के मैदानी अमले द्वारा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि जिले के अधिक से अधिक कृषक पंजीयन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। सरसों भावांतर योजना के तहत पंजीयन हेतु कृषक की समग्र आईडी, आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, भूमि अभिलेख (बी-1/खसरा) आदि दस्तावेज जरूरी है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विजय चौरसिया ने कृषकों से अपील की है कि वे समय पर पंजीयन कर सरसों भावांतर योजना का लाभ उठाएं। किसानों को उचित मूल्य अंतर की भरपाई का लाभ मिलेगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी तथा खुशहाली एवं समृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

## महिला समूह कार्यशाला शुभारंभ नलखेड़ा तहसील के संतरे से रूबरू हुए मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भोपाल में आजीविका मिशन अंतर्गत आयोजित महिला समूहों की कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने आगर जिले की नलखेड़ा तहसील के संतरे के स्टाल का अवलोकन कर उत्पादक महिलाओं से चर्चा की। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आजीविका मिशन के अंतर्गत आजीविका विपणन क्षमतावर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस दौरान आगर मालवा जिले में गठित किसान प्रोड्यूसर कंपनी का स्टाल भी लगाया गया। जिसमे नलखेड़ा तहसील के ग्राम पढ़ाना से श्रीमती रीना बाई ग्राम लसुलड़िया से कमला बाई सहित कम्पनी के



सीईओ उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय के जिले में आजीविका मिशन अंतर्गत दो किसान उत्पादक कंपनियों का गठन किया गया है। इसमें कानड़ क्षेत्र में ऑरेंज प्रोड्यूसर कंपनी एवं नलखेड़ा में जय भारत प्रोड्यूसर कंपनी कार्य कर रही है। दोनों कंपनियां शेयर होल्डर किसानों को अधिक लाभ दिलाने सीधे बाजार लिंकेज का कार्य कर रही है। एफपीओ के माध्यम से लगाए गए स्टाल पर स्थानीय लोगों ने जमकर खरीदी की। इस मौके पर कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल एवं आजीविका मिशन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हर्षिका सिंह उपस्थित रहीं।

## गुरुकुल के 6 बच्चे करेंगे विज्ञान मंथन यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

गुरुकुल कान्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल के 6 छात्र-छात्राओं का चयन विज्ञान मंथन यात्रा के लिए हुआ है, जो आगर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। मप्र विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी परिषद द्वारा स्कूली छात्र छात्राओं में भावी वैज्ञानिकों को तलाशने और उनमें विज्ञान शिक्षा के प्रति रुझान पैदा करने की दृष्टी से विगत 17 वर्षों से विज्ञान मंथन यात्रा का आयोजन किया जाता रहा है। इसी श्रृंखला में आगर मालवा जिले से 6 विद्यार्थियों का चयन 20 अप्रैल से 27 अप्रैल तक होने वाली इस विज्ञान मंथन यात्रा में किया गया है। इस यात्रा में आगर मालवा से चयनित होने वाले सभी छात्र-छात्रा कक्षा 12वीं की छात्रा वेदिका पालीवाल पिता जगदीशचंद्र पालीवाल सौम्या शर्मा पिता रमेशचंद्र शर्मा पायल खांगुडा





पिता रामचंद्र खांगुडा रोहित मालवीय पिता मेहरबान मालवीय और कक्षा 11वीं के छात्र वीर जैन पिता नाथूराम जैन गुरुकुल कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल से हैं। जिनका चयन 2025-26 मे आयोजित होने वाली विज्ञान मंथन यात्रा के लिए हुआ है। इस यात्रा में चयनित होने के लिए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने वाले विज्ञान शिक्षक शैलेंद्र कसेरा ने बताया कि प्रदेश के छात्रो में लोकप्रिय इस कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से चयनित बच्चो के दल को किताबी ज्ञान से अलग वास्तविक विज्ञान की दुनिया से रूबरू करवाया जाता है।

इस 7 दिवसीय यात्रा के लिए मध्यप्रदेश से विज्ञान विषय के 375 मेधावी छात्र छात्राओं का चयन प्रतियोगिता माध्यम से किया जाता है। जिन्हे प्रदेश के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रयोगशालाओं एवं शोध संस्थानों के प्रत्यक्ष अवलोकन के साथ विश्व विख्यात वैज्ञानिकों के साथ संवाद का अद्वितीय अवसर प्रदान किया जाता है। पिछले वर्ष भी गुरुकुल कान्वेंट स्कूल के 3 विद्यार्थियों का चयन हुआ था जिसमें चयनित विद्यार्थियों को 7 दिवसीय इस यात्रा में दिल्ली और चंडीगढ़ की राष्ट्रीय स्तर की प्रयोगशालाओं और शोध एवं अनुसंधान संस्थानों के भ्रमण और प्रमुख वैज्ञानिकों से विज्ञान संबंधी जिज्ञासा के बारे में सीधे संवाद का अवसर प्राप्त हुआ था। जिसमें शामिल छात्र रोहित मालवीय और लाक्षिका रावल को माननीय मुख्यमंत्री का विशेष प्रोत्साहन प्राप्त हुआ था। इस वर्ष चयनित छात्र-छात्राओं को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र (इसरो) के श्रीहरिकोटा केंद्र में वैज्ञानिक भ्रमण की योजना संभावित है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य कमल किशोर पाटीदार सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त कर चयनित विद्यार्थियों को इस विज्ञान मंथन यात्रा के लिए शुभकामना प्रदान की है।

### जिनेंद्र मुनि महाराज आदि ठाणा 5 का हुआ मंगल प्रवेश

# 'मनुष्य भव ही धर्म आराधना करने का उत्तम अवसर'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

आचार्य उमेश मुनि महाराज साहब के शिष्य जिनेंद्र मुनि महाराज साहब आदि ठाणा 5 का मंगल प्रवेश शुक्रवार सुबह 8:30 बजे महिदपुर रोड में हुआ। तत्पश्चात समता भवन में पूज्य मुनिराज श्री ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि परमात्मा की कृपा से हमें उत्तम जाति, उत्तम कुल, उत्तम धर्म और उत्तम योनि प्राप्त हुई है। वीतराग परमात्मा का श्रेष्ठ शासन हमें प्राप्त हुआ है हमें मनुष्य जीवन में धर्म के मर्म को समझकर इस मनुष्य जीवन को सामायिक, प्रतिक्रमण, स्वाध्याय, जप, तप, साधना, आराधना के द्वारा सफल बनाना चाहिए।

मुनि श्री ने कहाकि धर्म के प्रभाव से ही धन की प्राप्ति होती है । मार्गानुसरिया के 35 बोल का अनुसरण करने वाला जीव कभी दुर्गति में नहीं जाता है। मनुष्य भव धर्म आराधना करने का उत्तम





अवसर है। जिस प्रकार हम संसार में कितनी भी कमाई कर ले यानी पैसा कमा ले हमें संतुष्टि नहीं आती है। लेकिन हम धर्म करने के मामले में थोड़ा सा धर्म करने पर ही संतुष्ट हो जाते हैं ऐसा क्यों। मुनिश्री ने कहाकि मनुष्य भव मूल पूजी के समान है जिसे हमें धर्म के माध्यम से सदैव बढ़ाने के लिए तत्पर रहना चाहिए। 84 लाख जीव योनियों में परिभ्रमण करने के बाद हमें अतिदुर्लभ मनुष्य भव प्राप्त हुआ है। पूर्वाचार्य ने कहा है कि श्रद्धा सांची आवे भव तीजे मोक्ष सिधावे, श्रद्धा रहित नहीं जीव भमे गति चौउमाई अर्थात परमात्मा के प्रति सच्ची श्रद्धा भाव रखने से संभवतःतीसरे भव में मोक्ष की प्राप्ति होती है और जो श्रद्धा नहीं रखते हैं वह 84 लाख योनियों के चक्कर में परिभ्रमण करते रहते हैं। इस अवसर पर महिदपुर, रतलाम आदि श्री संघ ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। प्रवचन प्रभावना का लाभ एवं साधार्मिक भक्ति का लाभ कांठेड़ परिवार महिदपुर रोड द्वारा लिया गया। पूज्य गुरुदेव यहां से विहार कर महिदपुर नगर में अपना होली चातुर्मास संपन्न करेंगे उक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

#### आर्याश्री मुक्ति प्रभा श्रीजी समता व समाधि साधना में लीन

**नलखेड़ा।** जिनचन्द्र सूरि महाराज साहब की शिष्या, आर्या मुक्ति प्रभा श्रीजी महाराज, सद्गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा से प्रेरित सेवा-साधना को अपना जीवन समर्पित करने वाली खरे से भी शुद्ध खरतरगच्छ की सत्य साधिका 86 वर्ष की वय में जिनका स्वास्थ्य अत्यंत गंभीर है। चिकित्सकों द्वारा सुधार की संभावना नहीं बताई गई है। ऐसे अत्यंत विषम एवं करुण क्षणों में भी आर्याश्री समता व समाधि साधना में लीन हैं। न कोई आकुलता, न कोई व्याकुलता, न कोई भय, न कोई चाह निरंतर जागृति पूर्वक आत्मा में तल्लीन, प्रसन्न व मंगल मैत्री भाव में है। यह सत्य साधना ध्यान ही है जो जीवन के हर क्षण के साथ बढ़ते हुए अंत काल में सहज समाधि की अवस्था उपलब्ध होती है। संघ में आर्या श्री के लिए मंगल भावना, जप, ध्यान एवं प्रार्थना चल रही है। आर्या श्री के स्वास्थ्य की जानकारी मिलते ही मालवा अंचल से नरेंद्र नाहर तथा शैलेष चौपड़ा सहित अनेक गुरु भक्तजन दर्शनार्थ कुशलायतन, नाल बीकानेर पहुंचने लगे हैं, ताकि आर्या श्री के दर्शन कर मंगल भावना व्यक्त कर सके। मालवा श्री संघ अध्यक्ष बसंत सिंह श्रीमाल एवं महामंत्री राजेंद्र कोठारी की ओर से समस्त श्रद्धालुओं से विनम्र अनुरोध किया गया है कि आर्या श्री के उत्तम स्वास्थ्य हेतु मंगल भावना जप ध्यान एवं प्रार्थना करें।



## केंद्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल आहरण संवितरण अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शुक्रवार को कार्यालय कलेक्टर, जिला आगर-मालवा में राज्य स्तरीय केंद्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल के संबंध में जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण जिला कोषालय अधिकारी मनीष सोलंकी की उपस्थिति में प्रशिक्षक मुकाम सिंह टैगोर द्वारा प्रदान किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों की पेंशन ऑनलाइन समय-सीमा में जारी करना, भुगतान प्रक्रियाओं में पारदर्शिता एवं जवाबदेही लाना है।

उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश शासन वित्त विभाग द्वारा राज्य स्तर पर केंद्रीकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल का गठन किया गया है। आगामी समय में समस्त पेंशन प्रकरण इसी सेल के माध्यम से निराकृत किए जाएंगे, जिससे प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध हो सकेगी।

इस प्रशिक्षण में अधिकारियों को पेंशन प्रकरण तैयार करने, ऑनलाइन प्रविष्टि, आवश्यक दस्तावेज संलग्न करने एवं समयबद्ध भुगतान की प्रक्रिया संबंधी जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि विजय चौरसिया, सहायक पेंशन अधिकारी जियालाल मुजाल्दे, सहायक कोषालय अधिकारी राज यादव सहित जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पूर्व कैबिनेट मंत्री यादव का किया स्वागत



**भौंरासा।** भोपाल से इंदौर जाने के दौरान देवास भोपाल टोल टैक्स स्थित गौरव रेस्टोरेंट पर भौरासा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव के नेतृत्व में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक सचिन यादव का कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने साफा बांधकर, पुष्प माला पहना कर यादव का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर भौरासा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विशाल गुर्जर ,कांति लाल यादव, रमेश चंद गुर्जर, दिनेश यादव ,दिलीप यादव, दिनेश चौहान, मनोहर यादव, कालू गुर्जर, सोनू यादव, सुनील उप सरपंच आदि लोग मौजूद रहे।

### राज्यपाल गहलोत का किया स्वागत



**भौरासा।** नेवरी फाटे पर लक्ष्मण सिंह गुर्जर व रामचरण धाकड़ महूडी के नेतृत्व मे कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत का इंदौर से भोपाल की ओर बीआर रिजॉर्ट पर जाते समय नेवरी फाटे पर पुष्प माला पहनाकर, दुपट्टा डालकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अनिल चावड़ा, संजय जोशी, जय सिंह राणा, सुरेश मालवीय, मुकेश गोस्वामी, अजब सिंह धाकड़,करण सिंह यादव, मेंबर साहब, कैलाश यादव, भारत सिंह यादव, दौलत यादव, प्रकाश बड़वाया, कन्हैया लाल यादव, कैलाश यादव, भीम सिंह आचार्य, भारत कुमावत आदि लोग मौजूद रहे।

### होली एवं रमजान पर्व को दृष्टिगत रखते डीआईजी उज्जैन भसीन पहुंचे देवास

# कानून-व्यवस्था समीक्षा बैठक में भसीन ने पुलिस अधिकारियों को दिए विशेष निर्देश

### एसपी गेहलोद की आमजन से अपील, होली और रमजान आस्था एवं अनुशासन का पर्व, पुलिस आपकी सुरक्षा हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



आगामी होली एवं रमजान पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, उज्जैन जोन राकेश गुप्ता के मार्गदर्शन में पुलिस उपमहानिरीक्षक, उज्जैन रेंज नवनीत भसीन द्वारा जिला कंट्रोल रूम, देवास स्थित सभागृह में कानून-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एसपी पुनीत गेहलोद,एडिशनल एसपी जयवीर सिंह भदौरिया सहित जिले के समस्त शहरी थाना प्रभारी प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित रहे, जबकि ग्रामीण क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी, थाना एवं चौकी प्रभारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक में निर्देशित किया गया कि त्योहारों के दौरान जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए, असामाजिक, उपद्रवी एवं अफवाह फैलाने वाले तत्वों की पूर्व पहचान कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष गश्त, फ्लैग मार्च एवं ड्रोन निगरानी की जाए, प्रमुख चौराहों, बाजारों, धार्मिक स्थलों एवं जुलूस मार्गों पर सीसीटीवी कैमरों की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा अस्थायी अतिरिक्त कैमरे स्थापित किए जाएं। कंट्रोल रूम से 24×7 लाइव मॉनिटरिंग की व्यवस्था रहे। वहीं सोशल मीडिया की सतत निगरानी कर भड़काऊ/आपत्तिजनक सामग्री पर त्वरित वैधानिक कार्रवाई की जाए। यातायात व्यवस्था सुचारु रखने हेतु विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया जाए और शांति समितियों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ सतत संवाद बनाए रखा जाए।

#### देवास पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

देवास पुलिस ने एडवाइजरी जारी करते हुए आमजन से अपील की है कि होलिका दहन स्थल पर पानी/रेत की व्यवस्था रखें; बड़े आयोजनों पर फायर ब्रिगेड अनिवार्य रूप से तैनात रहे। विवादित, यातायात बाधित या विद्युत तारों के नीचे दहन न करें। राहगीरों को जबरन रंग न लगाएं; केवल प्राकृतिक/हर्बल रंगों का उपयोग करें। होटल एवं ढाबे रात्रि 10 बजे तक बंद रखें। नाबालिग वाहन न चलाएं, दोपहिया वाहन पर दो से अधिक सवारी न बैठाएं। नशे की अवस्था में वाहन चलाने पर वाहन जब्ती एवं न्यायालयीन कार्रवाई की जाएगी। नमाज़ियों को किसी प्रकार का व्यवधान न हो, मस्जिद मार्गों पर संयम एवं अनुशासन रखें। रमजान जुलूस/कार्यक्रमों के निर्धारित मार्गों पर पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। तेज ध्वनि विस्तारक यंत्र/डीजे का उपयोग नियमानुसार एवं निर्धारित समय सीमा में ही करें। व्यक्तिगत विवादों को धार्मिक या सामाजिक स्वरूप न दें। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने आमजन से अपील की है कि होली प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे का प्रतीक है तथा रमजान आत्मसंयम, आस्था एवं अनुशासन का पर्व है। दोनों त्योहार हमारी सांस्कृतिक एकता एवं सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। पुलिस प्रशासन आपकी सुरक्षा हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। किसी भी अप्रिय घटना अथवा आपात स्थिति में देवास पुलिस हेल्पलाइन नंबर 7049125083, आकस्मिक पुलिस सेवा Dial 112 अथवा निकटतम थाने से संपर्क करें।

## विधिक साक्षरता शिविर में न्यायाधीश ने दिया मार्गदर्शन

### एआई के दौर में शिक्षा ही सफलता की कुंजी



**बागली।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

ग्राम पंचायत छतरपुरा स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायाधीश सुखराम सिनम रहे, जिन्होंने आधुनिक युग में शिक्षा के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। अपने उद्बोधन में न्यायाधीश सिनम ने कहा कि आज का समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत तकनीक का है। ऐसे परिवेश में शिक्षा का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि "टेक्नोलॉजी का प्रभावी उपयोग वही व्यक्ति कर सकता है, जिसके पास उसे समझने और संचालित करने की उचित शिक्षा हो। एआई जैसी आधुनिक तकनीकों के संचालन के लिए भी शिक्षित होना अनिवार्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि वे समय के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं तो शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाएं।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत छतरपुरा की सरपंच निर्मला जवाहर पाटीदार, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष कमलेश शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष पिंकेश गामी, सचिव गोपाल सेंधव, पुस्तकालय सचिव ओम प्रकाश पारस, सहसचिव संदीप पाटीदार, पूर्व पुस्तकालय सचिव एडवोकेट रवि जाटव, मुकेश जाट सहित न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुनील पाटीदार ने किया। विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा, कानून और आधुनिक तकनीक के समन्वय का महत्व समझाया गया।

### आयुष विभाग ने वृद्धाश्रम में की गतिविधियां, वृद्धजनों का किया स्वास्थ्य परीक्षण



**देवास।** आयुष विभाग देवास द्वारा बसेरा वृद्धाश्रम में गतिविधि सह स्वास्थ्य शिविर में बुजुर्गों को स्वस्थ और प्रसन्न रहने के गुर सिखाए गए। स्वास्थ्य शिक्षा आधारित संवाद प्रदर्शनी भी लगाई गई।मध्यप्रदेश शासन के स्टेट एक्शन प्लॉन फॉर सीनियर सिटीज़न के अंतर्गत जिला प्रशासन, आयुष विभाग, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने वरिष्ठजनों के लिए प्रोग्राम फ़ॉर काइनेटिक एंड मेन्टल स्किल इम्प्रूवमेंट शिविर का आयोजन शुक्रवार को वृद्धाश्रम बसेरा में किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पेंशनर संघ के अध्यक्ष गंगा सिंह सोलंकी रहे। वरिष्ठ नागरिक संस्था के अध्यक्ष ओपी पाराशर ने भी आयोजन के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वृद्धों के समग्र विकास के लिए सरकार की चिंता सुखद है। केसी नागर ने कविताओं के ज़रिए अपनी बात रखी। जिला आयुष अधिकारी डॉ ममता जूनवाल ने कहा कि वृद्धजनों को निरोगी बनाने के लिए आयुष विभाग ने आयुर्वेद, योग, ऋतुचर्या तथा होम्योपैथी के शिविर आयोजित किए हैं। बसेरा वृद्धाश्रम के प्रबन्धक दिनेश चौधरी ने सबेरा में चलने वाली गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि जब इन वृद्धजनों के चेहरे पर ख़ुशी दिखती है तो मुझे जीवन सार्थक लगता है। वृद्धजनों के शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद, योग, पंचकर्म, ऋतुचर्या और होम्योपैथी के साथ बुजुर्गों के बीपी-शुगर की निशुल्क जाँच भी की गई।आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुभाष भार्गव ने आभार व्यक्त किया। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रांजलि भारद्वाज तथा डॉ. आलोक जैन ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की. डॉ. संजीव पाटीदार तथा डॉ. दीपेश सोलंकी ने गतिविधियों में सहयोग किया।

### प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 की जानकारी के लिए शिविर आयोजित

**देवास।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 की ब्याज सब्सिडी योजना घटक अंतर्गत नगर परिषद खातेगांव, नेमावर, कन्नौद एवं कांटाफोड द्वारा निकाय स्तर पर बैंकों के अधिकारी/प्रतिनिधि के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत ब्याज सब्सिडी योजना शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें निकाय के इच्छुक आवेदनकर्ताओं को योजना के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में आवेदन की प्रक्रिया, आवेदन के लिए दस्तावेज एवं पात्रता आदि की जानकारी दी गई। शिविर में बैंक ऑफ इंडिया, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक, एचडीएफसी बैंक ने भाग लिया।

## मृत गोवंश के अवशेष मिलने पर कांग्रेस का धरना, महापौर से इस्तीफे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शंकरगढ़ के पास नगर निगम के ट्रेंचिंग ग्राउंड में मृत गोवंश के बिखरे पड़े अवशेष मिलने के विरोध में शुक्रवार को शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम के नेतृत्व में मौन धरना दिया गया। इस अवसर पर विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप चौधरी ने कहा कि सनातन धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है।

देवास से लेकर दिल्ली तक सरकार होने के बावजूद ट्रेंचिंग ग्राउंड पर मृत गोवंश की खाल निकालकर बेचे जाने और हड्डियां बेचे जाने जैसी घृणित घटना सामने आई है। इसके बावजूद महापौर गीता अग्रवाल ने अब तक कोई बयान नहीं दिया है। हालांकि निगम आयुक्त ने दोषी अधिकारी और कर्मचारी को निलंबित कर दिया है, लेकिन विधायक और सांसद ने भी इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इतनी गंभीर घटना पर जनप्रतिनिधियों का मौन रहना समझ से परे है। उन्होंने मांग की कि महापौर गीता अग्रवाल शीघ्र माफी मांगें और अपने पद से इस्तीफा दें। साथ ही जिला प्रशासन इस मामले में संज्ञान लेकर भविष्य में ऐसी अमानवीय घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि एक वीडियो में महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल यह कहते नजर आ रहे हैं कि उन्होंने आयुक्त को आदेश दे दिए हैं।

उन्होंने सवाल उठाया कि उन्हें ऐसा कौन सा अधिकार प्राप्त है, जिसके तहत वे आयुक्त को आदेश दे रहे हैं। नगर निगम नियमों के विपरीत कार्य कर रही है। गाय हमारी माता है का नारा देने वाले भारतीय जनता पार्टी के लोग उसकी सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं हैं। उन्होंने नगर निगम से भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की।

धरने में प्रमुख रूप से कांग्रेस नेता भगवान सिंह चावड़ा, शौकत हुसैन, सुधीर शर्मा, गुरुचरण सिंह सलूजा, रोशन रायकवार, जाहिद पठान, नजर शेख, नरेंद्र यादव, जितेंद्र सिंह गौड़, विशाल भाटिया, ईश्वर हरोड़े, विशाल भाटिया, दीपेश हरोड़े, कैलाश वर्मा, नयन पटेल, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। आभार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश कल्याणे ने व्यक्त किया।

## प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट के संबंध में आयोजित हुई प्रेस वार्ता, मंत्री सिलावट ने किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत बजट को लेकर भारतीय जनता पार्टी, जिला देवास द्वारा शुक्रवार को प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट एवं भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने संबोधित किया। मंत्री सिलावट ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास का रोडमैप है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बताए गए गरीब, युवा, किसान और नारी शक्ति के सशक्तिकरण के संकल्प को आगे बढ़ाने वाला है। प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि, पूंजीगत व्यय में बढ़ोतरी और आधारभूत संरचना के विस्तार से मध्यप्रदेश को विकसित एवं आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए बड़े पैमाने पर प्रावधान किए गए हैं। नदी जोड़ो परियोजना, नहरों के विस्तार और नई सिंचाई योजनाओं से प्रदेश के लाखों किसानों को लाभ मिलेगा। फसल बीमा योजना के लिए पर्याप्त राशि निर्धारित की गई है, जिससे प्राकृतिक आपदा की स्थिति में किसानों को राहत मिल सके।

साथ ही किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से प्रतिवर्ष आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।सिलावट ने बताया कि ग्रामीण विकास को गति देने के लिए सड़कों के निर्माण, बिजली आपूर्ति सुदृढ़ करने और पेयजल योजनाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर बजट प्रावधान किया गया है, जिससे जिला एवं ग्रामीण स्तर पर चिकित्सा सुविधाएं मजबूत होंगी। प्रेस वार्ता में उपस्थित पत्रकारों के प्रश्नों का मंत्री तुलसी सिलावट एवं जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने विस्तारपूर्वक उत्तर दिया और बजट की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी। इस अवसर पर जिला महामंत्री राजेश यादव, मनीष सोलंकी, विजय सिंह पंवार, जिला सह मीडिया प्रभारी दिनेश सांखला भी उपस्थित रहे।

### जिपं सीईओ ने मीडिया संवाद कार्यक्रम में विकसित भारत जी राम जी की दी जानकारी

# ग्रामीणों के लिए 100 की जगह 125 दिन रोजगार की गारंटी: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय विज़न विकसित भारत 2047 के परिप्रेक्ष्य में विकसित भारत–गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 (वीबी-जी राम जी) लागू किया गया है। वीबी-जी राम जी अधिनियम-2025 के महत्वपूर्ण प्रावधानों एवं प्रदत्त कानूनी अधिकारों के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता के उद्देश्य से जिला पंचायत सभा कक्ष में मीडिया संवाद का आयोजन किया गया। मीडिया संवाद में जिला पंचायत सीईओ ज्योति शर्मा ने वीबी जी राम जी अधिनियम-2025 के विशेषताओं की जानकारी से अवगत कराया गया। जिला पंचायत सीईओ शर्मा ने बताया कि विकसित भारत-जी रामजी अधिनियम 2025 ग्रामीण परिवारों के लिए सालाना 100 की जगह 125 दिन का गारंटीकृत रोजगार, बेहतर बुनियादी ढांचा, समय पर मजदूरी और पारदर्शिता को मजबूत करता है। ग्राम सभाओं को योजना बनाने में सशक्त बनाया गया है, जिससे टिकाऊ ग्राम बुनियादी ढांचा विकसित होगा। समय पर भुगतान की गारंटी और देरी होने पर मुआवजे का प्रावधान है। रीयल-टाइम एमआईएस (MIS) डैशबोर्ड, जीपीएस (GPS) मॉनिटरिंग और सोशल ऑडिट के जरिए पारदर्शिता बढ़ेगी। जल सुरक्षा, आजीविका बुनियादी ढांचा, आपदा-सुरक्षा और ग्रामीण कनेक्टिविटी जैसे कार्यों पर जोर दिया गया है। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप यह अधिनियम नया वैधानिक ढाँचा स्थापित करता है। ग्रामीण परिवारों को प्रति वित्तीय वर्ष 125 दिवस का रोजगार गारंटी प्रदान की गई है। कृषि के चरम मौसम (बुआई एवं कटाई के सीजन) में एक वर्ष में 60 दिवस कार्य-विराम का प्रावधान किया गया है, जिससे कृषि श्रम उपलब्धता सुनिश्चित हो। दैनिक मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक अथवा अधिकतम पंद्रह दिवस के भीतर किया जाना अनिवार्य है। रोजगार सृजन को चार प्राथमिक क्षेत्रों से जोड़ा गया है। जल सुरक्षा संबंधी कार्य में नहरों का निर्माण, चेक डैम, तालाबों का पुनरुद्धार और वनीकरण कार्य किये जायेंगे। मूलभूत ग्रामीण अवसंरचना ग्रामीण सड़कें, ग्राम पंचायत भवन, आंगनवाड़ी केंद्र और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, आजीविका संबंधी अवसंरचना ग्रामीण हाट, अनाज भंडारण, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के लिए वर्कशेड और डेयरी इंफ्रास्ट्रचर, चरम मौसम की घटनाओं से निपटने के लिए विशेष कार्य चकवात/बाढ़ आश्रय स्थल, तटबंध और जंगल की आग प्रबंधन जैसे कार्य किये जायेंगे। सभी परिसंपत्तियों को विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक में एकीकृत किया जाएगा। ग्राम स्तर पर विकसित ग्राम पंचायत योजना के माध्यम से विकेन्द्रीकृत योजना निर्माण किया जाएगा। योजना को केंद्रीय क्षेत्र योजना से बदलकर केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में लागू किया गया है। यदि 15 दिवस में कार्य उपलब्ध न कराया जाए तो राज्य द्वारा बेरोजगारी भत्ता देय होगा। पंचायत राज संस्थाओं को योजना कियान्वयन में प्रमुख भूमिका, जिसमें कम से कम 50 प्रतिशत कार्य लागत ग्राम पंचायतों द्वारा निष्पादित किया जायेगा। जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं कार्यकम अधिकारी योजना प्रबंधन, भुगतान एवं सामाजिक अंकेक्षण के उत्तरदायी होंगे। सामाजिक अंकेक्षण प्रत्येक छह माह में अनिवार्य किया है। डिजिटल उपस्थिति, आधार-आधारित भुगतान, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी का प्रावधान किया गया है। यह अधिनियम ग्रामीण आय वृद्धि, जल संरक्षण, अवसंरचना सुदृढ़ीकरण, जलवायु लचीलापन तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन प्रदान करता है। यह अधिनियम ग्रामीण रोजगार को अवसंरचना-केंद्रित, पारदर्शी एवं उत्तरदायी ढाँचे के अंतर्गत पुनर्संगठित करता है तथा दीर्घकालीन सतत विकास और आजीविका सुरक्षा को सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## सीईओ शर्मा की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ज्योति शर्मा की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत शर्मा ने समस्त उपयंत्रियों को विगत वर्षो के अपूर्ण कार्यो को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि 15 मार्च 2026 तक समस्त जॉबकार्डधारी श्रमिकों की ई-केवायसी कार्य पूर्ण करें। उन्होंने सामग्री मद में प्राप्त राशि का 07 दिवस में शतप्रतिशत उपयोग करने तथा एक बगिया माँ के नाम के समस्त कार्यो में शतप्रतिशत तार फेसिंग के निर्देश दिए। सीईओ शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास के प्रगतिरत समस्त कार्यो पर मस्टर जारी कर उन्हे पूर्ण करने के निर्देश दिए। शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की आवास पूर्णता की क्लस्टरवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, सांसद निधि एवं विधायक निधि के अपूर्ण निर्माण कार्यों की समीक्षा कर समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री, एनआरएलएम ब्लॉक कॉर्डिनेटर, सहायक लेखाधिकारी एवं जिला पंचायत के समस्त अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सतरवांस तिगैला पर एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर से घायल हुए व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। थाना नाराहट के ग्राम क्योलारी निवासी कमला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 दिसंबर 2025 की शाम करीब 7.30 बजे उनके पति हुकुम सिंह अपने परिचित के साथ सतरवांस तिगैला के पास सड़क की पटरी पर खड़े थे। उसी समय ग्राम क्योलारी का ही इन्द्रपाल सिंह अपनी मोटरसाइकिल (संख्या- यूपी 94 ए.के. 3409) को बेहद तेजी और लापरवाही से चलाता हुआ आया और हुकुम सिंह को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से हुकुम सिंह सड़क पर गिर गए और उनके शरीर में गंभीर चोटें आईं। उन्हें तत्काल एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उनकी हालत नाजुक देखते हुए झांसी रेफर कर दिया गया। झांसी के अस्पतालों में सुधार न होने पर उन्हें ग्वालियर के कमला चिकित्सा समूह में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान 10 जनवरी 2026 को उनकी मृत्यु हो गई। मृतक की पत्नी की शिकायत पर आरोपी चालक इन्द्रपाल सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

### बिजली बिल राहत योजना शेष धनराशि जमा करने का अंतिम दिन आज

**ललितपुर।** जिले के ऐसे विद्युत उपभोक्ताओं, जिनके द्वारा माह दिसम्बर, 2025 एवं जनवरी, 2026 में बिजली बिल राहत योजना 2025-26 के अन्तर्गत 2 हजार रुपये जमा कर अपना पंजीकरण कराया गया है परन्तु अब तक अपने विद्युत बकाये की धनराशि में दी गयी छूट को प्राप्त करते हुए शेष धनराशि जमा नहीं की गई है, को अधीक्षण अभियन्ता वीरभद्र सत्यार्थी ने सूचित किया है कि वह अपने विद्युत बकाये की अवशेष धनराशि को 28 फरवरी 2026 तक प्रत्येक दशा में विद्युत विभाग के काउण्टर, सीएससी, विद्युत सखी, मीटर रीडरों के माध्यम से जमा करा दें । यदि आपके द्वारा उपरोक्त बकाया धनराशि 28 फरवरी 2026 तक जमा नहीं करायी जाती है, तो आपके विद्युत बिल के सापेक्ष प्रदान की गयी 100 प्रतिशत ब्याज एवं मूलधन में प्रदान की गयी 15प्रतिशत छूट पुनः आपके विद्युत बीजकों में जुड़ जायेगी। जिसकी वसूली भू-राजस्व के माध्यम से की जायेगी। यह भी अवगत कराना है कि 28 फरवरी 2026 को उक्त योजना समाप्त हो रही है। अतएव जिन पात्र उपभोक्ताओं द्वारा अपना पंजीकरण अब तक नहीं कराया है, से अनुरोध है कि आज ही अपना पंजीकरण कराते हुए 100 प्रतिशत बयाज एवं 15 प्रतिशत मूलधन में छूट का लाभ प्राप्त करें।

### बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण एवं पुनर्वास से जुड़े मामलों में कार्रवाई के निर्देश

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण एवं पुनर्वास से जुड़े विभिन्न मामलों की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाल संरक्षण से संबंधित प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने भी बच्चों से जुड़े मामले में त्वरित कार्यवही के लिये आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में संरक्षण एवं पुनर्वास के मामले में कलेक्टर ने कहा कि बच्चों के प्रकरणों में कार्यवाही को तेज गति से संचालित करने के लिये अधिकारी स्वयं बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर दस्तावेज अथवा आवश्यक जानकारी एकत्र करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ बच्चों के हित में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों को जरूरतमंद बच्चों की पहचान, स्वास्थ्य परीक्षण, दस्तावेज उपलब्ध कराने तथा योजनाओं का लाभ समय पर दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई ।

---


गिन्नौट बाग में केंद्र के सामाजिक न्याय व आधिकारिता मंत्रालय का आयोजन

# 478 वृद्धजनों व 49 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

केंद्र सामाजिक न्यायवाद के अधिकार का मंत्रालय ने दिव्यजन और वायोवृद्धो को संचालित राष्ट्रीय वयोश्री व एडिप योजनान्तर्गत 478 वृद्धजनों व 49 दिव्यांगजनों को कुल 2771 सहायक उपकरणों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अनुराग शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग मनोहर लाल पंथ एवं विधायक सदर रामरतन कुशवाहा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्जन करते हुए अतिथियों के स्वागत के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत करते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी शुभांशु सोनकर ने बताया कि इस वितरण शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों की चलन दिव्यांगता के कारण आ रही समस्याओ एवं वृद्धजनों की वृद्धावस्था जनित समस्याओं को सहायक उपकरणो यथा मोटराइज ट्रायसिकल, व्हीलचेयर, नीकैप, सरवाईकल पिलो व बेल्ट आदि के द्वारा दूर करना है। माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा सरकार द्वारा चलायी जा रही इन जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लाभार्थियों को विस्तृत रूप से अवगत कराया गया और जनसामान्य को इन योजनाओं का लाभ लेकर अपने सामाजिक आर्थिक जीवन स्तर को ऊँचा उठाने पर बल दिया गया। सांसद अनुराग शर्मा द्वारा दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर व स्वाबलंबी बनने पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन लाभार्थियों को उपकरण वितरण कर, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त कर किया गया।



---

वेंडर सत्यापन और ट्रेन सुरक्षा पर उठे बड़े सवाल

# तमिलनाडु एक्सप्रेस में आईआरसीटीसी की वर्दीधारी ने छात्रा से छेड़खानी की



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

चलती ट्रेन में यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर कटघरे में है। गाड़ी संख्या 12622 तमिलनाडु एक्सप्रेस में दिल्ली से चेन्नई जा रही 23 वर्षीय छात्रा के साथ कथित छेड़छाड़ की घटना सामने आने के बाद रेलवे में वेंडर सत्यापन और ऑनबोर्ड निगरानी की प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। चेन्नई निवासी छात्रा के अनुसार वह 24 दिसंबर को नई दिल्ली से चेन्नई के लिए रवाना हुई थी। पीड़िता ने जीआरपी को दी तहरीर में बताया कि 25 दिसंबर की सुबह करीब 3.30 से 5.30 बजे के बीच, जब ट्रेन झांसी स्टेशन पार कर आगे बढ़ रही थी, उसी दौरान यह घटना हुई। छात्रा का आरोप है कि वह अपनी सीट पर सो रही थी, तभी चाय बेचने वाले की आईआरसीटीसी की नीली वर्दी पहने एक व्यक्ति ने गलत नियत से उसे छुआ। कुछ ही देर बाद एक अन्य वेंडर ने भी उसके साथ अश्लील हरकत की। विरोध करने पर दोनों आरोपी मौके से भाग निकले।

### देर से दर्ज हुई एफआईआर बढ़े सवाल

घटना 25 दिसंबर 2025 की बताई जा रही है, जबकि जीआरपी ललितपुर में मुकदमा 26 फरवरी 2026 को दर्ज हुआ। इस लगभग दो महीने की देरी ने शिकायत प्रक्रिया और पुलिस प्रतिक्रिया की खुलासा खामियों को उजागर किया है। जीआरपी ने बीएनएस 2023 की धारा 75 के तहत एफआईआर संख्या 0019 दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक राजेश सिंह को सौंपी है। पीड़िता ने आरोपियों की पहचान करने की बात कही है। इस घटना ने रेलवे की यात्री सुरक्षा व्यवस्था के कई पहलुओं को चर्चा में ला दिया है, जिनमें ट्रेन में सेवा देने वाले कर्मियों का पुलिस वेरिफिकेशन और पहचान प्रक्रिया कितनी प्रभावी है? लंबी अवधि तक आरोपियों का सक्रिय रहना ऑनबोर्ड सुरक्षा निगरानी पर प्रश्न उठाता है। घटना और एफआईआर के बीच लंबा अंतर पीड़ित सहायता तंत्र की गति पर सवाल खड़ा करता है।

### रेलवे प्रशासन के लिए चेतावनी संकेत

विशेषज्ञों का मानना है कि यह मामला केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि यात्री सुरक्षा ढांचे की कमजोरी का संकेत है। यदि अधिकृत वर्दी में मौजूद कर्मियों पर ही संदेह हो, तो यात्रियों का भरोसा कमजोर होना स्वाभाविक है। अब नजर इस बात पर है कि जांच एजेंसियां आरोपियों तक कितनी जल्दी पहुंचती हैं और रेलवे प्रशासन वेंडर स्क्रीनिंग तथा ट्रेन सुरक्षा प्रोटोकॉल में क्या ठोस सुधार करता है। यदि किसी यात्री के साथ ट्रेन में ऐसी कोई घटना हो, तो तत्काल हेल्पलाइन 139 या रेलवे सुरक्षा हेल्पलाइन 182 पर शिकायत दर्ज कराना सबसे प्रभावी पहला कदम माना जाता है।

---

ट्रेनों में सक्रिय है बैग लिफ्टर

# रेलकर्मी समेत दो यात्रियों का कीमती सामान उड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उत्तर प्रदेश के ललितपुर रेलवे स्टेशन और इस रूट पर चलने वाली ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। जीआरपी ललितपुर ने दो दिनों के भीतर चोरी की दो बड़ी घटनाओं की एफआईआर दर्ज की है। शातिर चोरों ने न केवल एक आम यात्री की महंगी एप्पल वॉच पार कर दी, बल्कि रेलवे के ही एक स्टेशन मास्टर की वर्दी और जरूरी सामान से भरा बैग भी चोरी कर लिया।

### पहली घटना-स्टेशन मास्टर की वर्दी और सामान चोरी

पहली घटना 7 फरवरी, 2026 की है। मध्य प्रदेश के छतरपुर निवासी बाबूराम पटेल पुत्र मथुरा प्रसाद पटेल, जो स्वयं रेलवे में कार्यरत हैं, महामना एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 22164) के कोच डी-7 में यात्रा कर रहे थे। ललितपुर स्टेशन से ट्रेन चलने के मात्र 2 मिनट के भीतर वारदात को अंजाम दिया गया। सीट नंबर 104 के ऊपर रैक में रखा उनका ब्राउन रंग का बैग चोरी हो गया। बैग में 2 किलो घी, स्टेशन मास्टर की यूनिफॉर्म, रेलवे टॉर्च और घर व बाइक की चाबियां रखी थीं। जीआरपी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 305(सी) के तहत मामला दर्ज किया है।

### दूसरी घटना- वंदे भारत में एप्पल वॉच गायब

दूसरी वारदात देश की प्रीमियम ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस (22469) में हुई। मुंबई के वडाला निवासी मो. हसरत सैय्यद 31 जनवरी को टीकमगढ़ से निजामुद्दीन की यात्रा कर रहे थे। ललितपुर और झांसी स्टेशन के बीच, जब यात्री वाशरूम गया था। यात्री अपनी एप्पल वॉच वाशरूम में भूल गया था, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने पार कर दिया। इस मामले में जीआरपी ने धारा 305(सी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

### पुलिस जांच जारी

इन दोनों ही मामलों की जांच उपनिरीक्षक राजेश सिंह को सौंपी गई है। पुलिस स्टेशन के रिकॉर्ड के अनुसार, दोनों ही मामलों में आरोपी फिलहाल अज्ञात हैं। जीआरपी यात्रियों से अपील कर रही है कि यात्रा के दौरान अपने कीमती सामान और बैग का विशेष ध्यान रखें, विशेषकर स्टेशन आने और जाने के समय।

---

डेढ़ दर्जन लोगों पर एफआईआर दर्ज

# गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने पूरे परिवार को लाठी-डंडों से पीटा

**ललितपुर।** थाना तालबेहट क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खांदी (मजरा गडरयाना) में गुरुवार रात मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दुकान पर गुटखा लेने गए एक व्यक्ति को शराब के नशे में धुत दबंगों ने गाली-गलौज की और विरोध करने पर पूरे परिवार को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में महिला की शिकायत पर 21 नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### क्या है पूरा मामला?

ग्राम खांदी निवासी इन्द्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 फरवरी की रात करीब 8 बजे उनके पति खुशीलाल पास की एक दुकान पर गुटखा लेने गए थे। वहां पहले से मौजूद प्रभु, सोनू और हरपू शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहे थे। जब खुशीलाल ने उन्हें टोकते हुए गाली देने से मना किया, तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।

### बचाने आए परिजनों को भी नहीं बख्शा

पीड़िता के अनुसार, जब वह अपने बेटे हन्नू उर्फ सरदार, नाती रामकिशोर और बहू काजल के साथ पति को बचाने पहुंचीं, तो सभी आरोपियों ने एकजुट होकर उन पर लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला कर दिया। इस हमले में परिवार के कई सदस्यों को चोटें आई हैं। शोर सुनकर मोहल्ले के लोगों के इक_ा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी प्रभु, सोनू, हरपू सहित कुल 17 पुरुषों और 4 महिलाओं (रामकली, रति, भुअन, ममता) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

---

अधिकारियों ने दिया आश्वासन

# होली अवकाश मुद्दे को लेकर यूटा ने ज्ञापन सौंपा

**ललितपुर।** यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) की जिला टीम ने होली अवकाश के मुद्दे को लेकर जिलाधिकारी एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को अलग-अलग ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि होली पर्व के लिए 2 मार्च और 4 मार्च का अवकाश घोषित है, जबकि 3 मार्च का अवकाश घोषित न होने से बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है और त्योहार मनाने में असुविधा की स्थिति बन रही है।



यूटा पदाधिकारियों ने शिक्षकों के हित को ध्यान में रखते हुए 3 मार्च को भी अवकाश घोषित करने की मांग की। इस पर दोनों अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि उक्त तिथि के अवकाश के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी और उस दिन अवकाश रहने का प्रयास किया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता ने दोनों अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों की भावनाओं को समझते हुए सकारात्मक रुख अपनाया गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान सतीश राठानिया (जिला संयोजक), अनिल राठौर (जिलाध्यक्ष यूटा), प्रमोद तिवारी (जिला महामंत्री), अंशु नामदेव (कोषाध्यक्ष), नवीन कुमार सिंह (उपाध्यक्ष), संजीव गुप्ता (उपाध्यक्ष), प्रवीण जैन (उपाध्यक्ष), संजीव श्रीवास्तव (उपाध्यक्ष), राजेंद्र कुमार (ब्लॉक अध्यक्ष), भीम कुमार (ब्लॉक मंत्री) सहित अन्य शिक्षक नेता उपस्थित रहे।

---

भूमिहीन किसान की जमीन

# लेखपाल पर दो लाख रिश्वत लेकर पटटे की जमीन कब्जाने की साजिश का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

तहसील क्षेत्र के ग्राम खिरियाभारनजू में एक गरीब भूमिहीन किसान की पट्टे वाली कीमती जमीन को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। पीड़ित किसान ने क्षेत्रीय लेखपाल पर विपक्षी से मोटी रकम लेकर उसकी जमीन पर अवैध कब्जा कराने की साजिश रचने का गंभीर आरोप लगाते हुए उप जिलाधिकारी महरौनी को शिकायती पत्र सौंपा है।

ग्राम खिरियाभारनजू निवासी छिद्दामी पुत्र डरूआ अहिरवार ने शिकायती पत्र में बताया कि वह और उसकी पत्नी हरकिया उर्फ राजरानी भूमिहीन श्रमिक हैं। शासन द्वारा उन्हें वर्ष 2005 में आराजी संख्या 1132क (रकवा 0.304 हेक्टेयर) का पट्टा आवंटित किया गया था, जिस पर वे पिछले 20 वर्षों से खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। पीड़ित का आरोप है कि उसकी जमीन सड़क के किनारे (रोड साइड) स्थित है, जिस पर गांव के ही एक रसूखदार व्यक्ति जगना पुत्र सैतुआ अहिरवार की नीयत खराब है।

आरोप है कि लेखपाल पंकज यादव ने विपक्षी से दो लाख रुपये की अनुचित राशि लेकर साठ-गांठ कर ली है। लेखपाल ने करीब एक माह पूर्व पैमाइश के बहाने उससे कोरे कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए थे। जब किसान ने अपनी जमीन पर तरमीम (नक्शा सुधार) करने से रोका, तो लेखपाल ने अभद्रता की। विपक्षी और लेखपाल मिलकर जबरन जमीन पर कब्जा कराने और सरकारी अभिलेखों में हेरफेर करने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित किसान छिद्दामी ने एसडीएम से गुहार लगाई है कि लेखपाल को उसकी पट्टे वाली भूमि पर किसी भी प्रकार की अवैध तरमीम या रंग भरने (नक्शा परिवर्तन) से रोका जाए। किसान ने चेतावनी दी है कि यदि उसे न्याय नहीं मिला, तो वह न्यायालय की शरण लेने को विवश होगा।

---

### विवाहिता को ससुराल से निकालने की कोशिश

**ललितपुर।** थाना बानपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दिदौरा में एक विवाहिता को उसके ससुरालियों द्वारा मारपीट कर घर से निकालने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने उसके पति, सास, जेठ और जिठानी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। ग्राम दिदौरा निवासी उषा यादव पत्नी गौरव यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी शादी करीब 9 वर्ष पहले हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। उनका एक 7 वर्षीय पुत्र भी है। आरोप है कि पिछले कुछ समय से ससुराल पक्ष के लोग उन्हें अपने साथ नहीं रखना चाहते और लगातार घर से जाने का दबाव बना रहे हैं। पीड़िता के अनुसार 25 फरवरी की दोपहर करीब 3 बजे जब वह अपने घर पर थीं, तभी उनके पति गौरव, सास सुमन्ना, जेठ ब्रजभान और जिठानी सीमा ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूंसों और लाठी-डंडों से उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी। ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। बानपुर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।

### छिपाई से वासी संपर्क मार्ग सड़क निर्माण को मंजूरी

**ललितपुर।** ग्राम छिपाई और बांसी की वर्षों पुरानी सड़क समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। लोकसभा 2024 के दौरान किए गए संकल्प, विधानसभा में उठाए गए मुद्दे और मुख्यमंत्री स्तर पर हुई पैरवी के बाद दोनों संपर्क मार्गों के पक्कीकरण को शासन की औपचारिक मंजूरी मिल गई है। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने पहले मनरेगा के माध्यम से छिपाई के मजरा पठला संपर्क मार्ग पर डब्ल्यूबीएम कार्य कराकर ग्रामीणों को तत्काल राहत दिलाई थी। अब उसी मार्ग के पूर्ण पक्कीकरण के साथ-साथ बांसी के मजरा टोरिया संपर्क मार्ग के निर्माण की स्वीकृति सुनिश्चित होने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। बताया जा रहा है कि हालिया विधानसभा सत्र में क्षेत्रीय संपर्क मार्गों की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया था। इसके बाद मुख्यमंत्री से हुई मुलाकात में इन सड़कों को प्राथमिकता सूची में शामिल करने का अनुरोध किया गया, जिस पर त्वरित प्रशासनिक कार्रवाई हुई। ग्रामीणों का कहना है कि पहले मनरेगा से अस्थायी राहत मिली थी, लेकिन अब पक्की सड़क बनने से आवागमन सुगम होगा। इससे किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सहूलियत मिलेगी, विद्यार्थियों का आवागमन आसान होगा और आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता भी बेहतर होगी। समर्थकों का कहना है कि यह निर्णय स्थानीय मांग से राष्ट्रीय विजन तक के प्रभावी समन्वय का उदाहरण है, जबकि विपक्ष इस पर अपनी अलग प्रतिक्रिया दे रहा है। राजनीतिक जानकारों के अनुसार लोकसभा 2024 के बाद इतनी शीघ्र स्वीकृति मिलना क्षेत्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

---

होली के पावन पर्व से पुलिस की पहल

# 117 खोए मोबाइल बरामद कर उनके मालिकों को सौंपे

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

होली के पावन पर्व से ठीक पहले ललितपुर पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए गिरे/खोए हुए 117 मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए। बरामद मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत करीब 22 लाख रुपये बताई गई है। इस पहल से मोबाइल पाने वाले लोगों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने पुलिस का हृदय से आभार व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने जनसुनवाई में प्राप्त मोबाइल गुमशुदगी संबंधी प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए सर्विलांस टीम एवं थानों पर गठित टीमों को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए थे।



अभियान के तहत पुलिस टीमों ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों तथा देश के कई राज्यों के अलग-अलग स्थानों से विभिन्न कम्पनियों के कुल 117 मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता हासिल की। शुक्रवार को पुलिस लाइन सभागार कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ने बरामद मोबाइल उनके स्वामियों को सुपुर्द किए। इस दौरान लोगों ने ललितपुर पुलिस की कार्यशैली की सराहना की है। पुलिस अधीक्षक ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली टीम को पुरस्कृत भी किया। मोबाइल बरामद करने वाली टीम में सर्विलांस प्रभारी उपनिरीक्षक अरुण कुमार, स्वाट प्रभारी उपनिरीक्षक अतुल तिवारी मय टीम, हेड कांस्टेबल जिनेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल प्रशांत कुमार, कांस्टेबल रोहित कुमार, कांस्टेबल मो. आमिर एवं कांस्टेबल मोहित सिंह शामिल रहे।

कंडे बनाकर चारों ओर अतिक्रमण, किराए के मकान में चल रहा केंद्र

# विडंबना...आंगनबाड़ी भवन में मासूमों की जगह पसरा गोबर






हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

जनपद पंचायत ब्यावरा की ग्राम पंचायत खजूरिया में बच्चों के हक का सरकारी आंगनबाड़ी भवन बदहाली का प्रतीक बन गया है। लाखों की लागत से बना पक्का भवन बंद पड़ा है और उसके भीतर कंडे (उपले) थोपे जा रहे हैं। दूसरी ओर आंगनबाड़ी केंद्र किराए के मकान में संचालित किया जा रहा है। पंचायत की लापरवाही के चलते सरकारी भवन व पैसों दोनों का बंटाढार हो रहा है और कोई जिम्मेदार देखने वाला नहीं है।

### सरकारी संपत्ति खाली, निजी में किराए पर चल रहा केंद्र

ग्रामीणों का आरोप है कि "भवन दूर है" का तर्क देकर जिम्मेदारों ने इसे बंद कर दिया, जबकि हकीकत में भवन उपयोग योग्य है। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब सरकारी संपत्ति खाली पड़ी है तो किराए का भुगतान किस आधार पर किया जा रहा है। बंद भवन का ग्रामीण निजी कार्यों में उपयोग कर रहे हैं, जिससे यह स्पष्ट है कि निगरानी और जवाबदेही दोनों गायब हैं। किराए के मकान में बच्चों के बैठने, खेलने और पोषण वितरण की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है।

### 2 साल से महिला बाल विकास दे रहा किराया

हालात यह है कि सरकारी भवन को सही करवाने के लिए पंचायत प्रस्ताव नहीं ला पाई और 2 साल से ज्यादा समय हो गया जब आंगनबाडी केंद निजी भवन में संचालित हो रहा है। बच्चों के हक का सवाल है अब जवाबदेही तय होना जरूरी है।

### अधिकारी क्या लेते है संज्ञान

मामले में महिला बाल विकास अधिकारी लोकेश अग्रवाल ने कहा, कि पंचायत प्रस्ताव भेजेंगी आंगनबाडी भवन में मरम्मत होना है "मैं इसको दिखवा लेता हूं।"
अब देखना होगा कि यह 'दिखवाना' जांच तक सीमित रहता है या कार्रवाई भी होती है।ग्रामीणों ने मांग की है कि तत्काल निरीक्षण कर केंद्र को सरकारी भवन में शिफ्ट किया जाए और जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो।

### फैक्ट फाइल

स्थान - ग्राम पंचायत खजूरिया, जनपद पंचायत ब्यावरा, जिला राजगढ़
मामला - सरकारी आंगनबाड़ी भवन बंद
आरोप - भवन में व आसपास कंडे थोपे जा रहे, ग्रामीण कर रहे निजी उपयोग
वर्तमान संचालन - किराए के मकान में आंगनबाडी केंद्र संचालित
अधिकारी का बयान - "दिखवा लेता हूं"
मांग - जांच और तत्काल शिफ्टिंग

### कौन लेगा जिम्मेदारी !

क्या बिना उच्चाधिकारियों की जानकारी के भवन बंद हो सकता है?
जब सरकारी भवन मौजूद है तो किराए का भुगतान क्यों?
बच्चों की सुरक्षा और सुविधाओं की जिम्मेदारी किसकी?
क्या निरीक्षण कभी हुआ या सिर्फ कागजों में ही व्यवस्था पूरी है?

नहीं थे कोई सूत्र पुलिस ने तकनीकी सहायता से पकड़े आरोपी

# एक माह के अंदर दूसरी बड़ी लूट का सारंगपुर पुलिस ने किया खुलासा

■ एफआईआर के 48 घंटे में माल सहित आरोपी गिरफ्तार
37.80 लाख का माल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



एक माह के अंतराल में सारंगपुर पुलिस ने मसूर से भरे ट्रक लुट का खुलासा किया ही था कि दूसरी घटना हार्डवेयर से भरे ट्रक की लुट की घटना संज्ञान में आई । इस दौरान फरियादी रामवीर जाट ने 20 फरवरी 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 फरवरी को उनका ट्रक (एच आर 69 एफ 4093) भारत इंजीनियरिंग कंपनी से माल लोड कर नासिक के लिए रवाना हुआ था। रास्ते में ड्राइवर टीनू शर्मा ने फोन पर वाहन में समस्या आने की जानकारी दी। बाद में ड्राइवर का फोन बंद हो गया और जीपीएस लोकेशन सारंगपुर कृषि उपज मंडी के पास मिली। 19 फरवरी को वाहन मालिक मौके पर पहुंचे तो ट्रक खाली मिला और माल गायब था। इस सारंगपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर एस डी ओ पी अरविंद सिंह। के मार्ग दर्शन में विशेष टीम गठित कर सारंगपुर पुलिस ने 11 टन लोहे से भरे ट्रक की लूट का महज 48 घंटे में पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने लूटे गए 11 टन लोहे के नट-बोल्ट (कीमत लगभग 12 लाख रुपये), 6 चक्का ट्रक (कीमत 25 लाख रुपये) एवं एक मोटरसाइकिल (कीमत 80 हजार रुपये) सहित कुल 37 लाख 80 हजार रुपये का मशरूका बरामद किया है।

इस सफलता के लिए सारंगपुर बायपास से लेकर विभिन्न स्थानों के 140 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। तकनीकी विश्लेषण के आधार पर दो संदिग्धों की पहचान की गई। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने मोटरसाइकिल से ट्रक रुकवाकर ड्राइवर से मारपीट की और ट्रक व माल छीन लिया। पुलिस ने आरोपियों अभिषेक पिता संजय मिश्रा (28) निवासी मुसाखेड़ी, इंदौर एवं जितेंद्र पिता बालाराम राठौर (31) निवासी सुल्तानिया, थाना पचोर, जिला राजगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। पूरे प्रकरण में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं एसडीओपी अरविंद सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा,उप निरीक्षक अमित त्यागी,सहायक आनंदीलाल भिलाला,आरक्षक अतुल मौर्य,बनवारी गुर्जर सत्येंद्र रघुवंशी सहित टीम की सराहनीय भूमिका रही।

स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास की बैठक आहूत

# कुपोषण पर प्रशासन सख्त अमले को दिए तल्ख निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले में कुपोषण के समूल उन्मूलन के लिए प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके बावजूद कुपोषण का दंश खत्म नहीं हो पा रहा है। ऐसे में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एनआरसी संचालन, बेड ऑक्यूपेंसी, गंभीर तीव्र कुपोषित एवं मध्यम तीव्र कुपोषित बच्चों की भर्ती तथा माताओं को देय मजदूरी प्रतिपूर्ति की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अस्पतालों में शत-प्रतिशत से कम बेड ऑक्यूपेंसी पर कड़ी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में कम बेड ऑक्यूपेंसी स्वीकार नहीं की जाएगी तथा कारणों की बिंदुवार जांच कर सुधारात्मक कार्यवाही की जाए। बैठक के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्वयं सुपरवाइजर से प्रश्न किया कि गंभीर तीव्र कुपोषित एवं मध्यम तीव्र कुपोषित श्रेणी के चिन्हित बच्चों को तत्काल एनआरसी में भर्ती क्यों नहीं किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे सभी बच्चों की तुरंत भर्ती सुनिश्चित की जाए।

### दो महिला कर्मचारियों पर कार्यवाही के निर्देश

बैठक के दौरान जिला चिकित्सालय में पदस्थ मंजू सिसोदिया एवं रचना मेवाड़े द्वारा एनआरसी में भर्ती बच्चों का नियमित फॉलोअप नहीं किए जाने पर उनके विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। साथ ही खुजनेर, ब्यावरा एवं राजगढ़ के सीडीपीओ को खराब प्रदर्शन पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सबसे कम प्रदर्शन करने वाली सुपरवाइजर की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश भी दिए गए।

# नर्सिंग छात्राओं को दिलवाई गई मरीजों की सेवा-शुश्रूषा की शपथ

### जीएनएम नर्सिंग महाविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय स्थित जीएनएम नर्सिंग महाविद्यालय में इस वर्ष नव-प्रवेशित छात्राओं के लिए शपथ-ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को सेवा, समर्पण और मानवीय मूल्यों के साथ मरीजों की सेवा-सुश्रुषा की शपथ दिलवाई गई। आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम निधि भारद्धाज ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं बल्कि सेवा और संवेदनशीलता का माध्यम है। नर्सिंग कोर्स पूर्ण होने के बाद जब आपको मरीजों की देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी तब सभी को पूर्ण ईमानदारी और निष्ठाभाव के साथ अपने दायित्वों का निवर्हन करना होगा। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. अंजली शर्मा ने नर्सिंग के क्षेत्र में अनुशासन, धैर्य, करुणा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को निरंतर अध्ययन और व्यवहारिक दक्षता विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज प्राचार्या श्रीमती मनीषा हठीला ने कहा कि यह शपथ आपको समाजसेवा के उच्च आदर्शों की ओर अग्रसर करेगी। इस अवसर पर सावित्री वर्मा, टीना थामस, रश्मि तोमर, सुष्मा टोंडेल, माया हिते सहित छात्राएं और स्टाफ उपस्थित रहा।

# घुमंतु गौरव कप 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल , कड़िया 11 बनी विजेता




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विमुक्त, घूमन्तु एवं अर्धघूमन्तु समाज विकास समिति मध्यभारत प्रांत, द्वारा आयोजित घूमन्तु गौरव कप 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन गुरुवार को पब्लिक क्लब ग्राउंड, ब्यावरा में हुआ।

टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में महाराणा प्रताप दूधी और कड़यि 11 के बीच रोमांचक मैच खेला गया, जिसमें कड़यि 11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया।विजेता टीम कड़यि 11 को प्रथम पुरस्कार के रूप में 51 हजार नकद एवं शील्ड प्रदान की गई, जबकि उपविजेता महाराणा प्रताप दूधी टीम को 21 हजार नकद एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रांत घूमन्तु कार्य प्रमुख लखन विश्वकर्मा ने बताया कि यह टूर्नामेंट 16 फरवरी से प्रारंभ हुआ था, जिसमें मध्यप्रदेश के 8 जिलों से कुल 29 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य समाज में खेल भावना, संगठन और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना रहा। समापन में विभाग संघचालक उदय सिंह चैहान, अभा घूमन्तु समाज कार्य प्रमुख दुर्गादास व्यास, क्षेत्र कार्यवाह अशोक अग्रवाल, जगतगुरु शंकराचार्य दीक्षा महाराज, कलेक्टर गिरीश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया, प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता, सह प्रांत प्रचारक सुरेंद्र सिंह, संगठन मंत्री क्रीड़ा भारती गिरीश जायसवाल, कैबिनेट मंत्री बाबूलाल बंजारा सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# नवीन बस स्टैंड के पीछे फैली गंदगी हटाने एवं क्षतिग्रस्त मूत्रालय की मरम्मत के निर्देश



**सारंगपुर।** गुरुवार को नगर पालिका सारंगपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक कुमार रानवे ने नवीन बस स्टेण्ड क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बस स्टेण्ड के पीछे काफी मात्रा में गंदगी पाई गई तथा पूर्व निर्मित मूत्रालय क्षतिग्रस्त अवस्था में मिला, जिससे आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं को असुविधा हो रही थी। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ रानवे ने तत्काल उपयंत्री एवं स्वच्छता निरीक्षक सतीश कंडारे को मौके पर बुलाकर बस स्टेण्ड के पीछे फैली गंदगी को शीघ्र हटाने के निर्देश दिए। साथ ही उपयंत्री को क्षतिग्रस्त मूत्रालय की तत्काल मरम्मत कर उसे सुचारू रूप से चालू करने के निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने बस स्टेण्ड परिसर में ठेके पर फल एवं अन्य सामग्री बेचने वाले विक्रेताओं को यातायात व्यवस्था सुगम बनाए रखने हेतु अपने ठेले व्यवस्थित ढंग से लगाने की समझाइश दी। साथ ही सभी दुकानदारों एवं व्यापारियों को खुले में कचरा नहीं फेंकने के निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में स्वच्छता निरीक्षक को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय नगर पालिका के उपयंत्री विक्की ब्राह्मणे, स्वच्छता निरीक्षक सतीश कंडारे एवं सफाई दरोगा जितेंद्र भैरवे उपस्थित रहे।

# नकली नोट चलाने वाले गिरोह को 7-7 वर्ष का सश्रम कारावास, अर्थदंड भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




नकली नोट बनाकर बाजार में चलाने वाले गिरोह के चार आरोपियों को न्यायालय ने कठोर सजा सुनाई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक बृज किशोर चैहान ने बताया कि सारंगपुर न्यायालय के द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश राहुल सिंह ने प्रकरण क्रमांक 403ध्2022 में फैसला सुनाते हुए आरोपियों को दोषी ठहराया। अभियोजन के अनुसार 9 अप्रैल 2022 को दोपहर करीब 12रू30 बजे आगर तिराहा, सारंगपुर के पास एक व्यक्ति के नकली 500-500 रुपये के नोट बाजार में असली के रूप में चलाने की फिराक में होने की सूचना पुलिस को मिली। सारंगपुर पुलिस थाना ने मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध को पकड़कर तलाशी ली, जिसमें उसके पास से 500 रुपये के 17 नकली नोट बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम प्रेम सिंह निवासी ग्राम बिरजीपुरा बताया तथा अपने साथियों मांगीलाल, मुकेश एवं जितेंद्र के नाम उजागर किए। पुलिस ने अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर उनके पास से नकली नोट जब्त किए। प्रकरण में भारतीय दंड संहिता की धारा 489-ए, 489-बी, 489-सी, 489-डी एवं 201 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया गया। न्यायालय ने 14 गवाहों के बयान एवं साक्ष्यों के आधार पर चारों आरोपियों को धारा 489-बी में 7-7 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 10-10 हजार रुपये अर्थदंड तथा धारा 489-सी में 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5-5 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। निर्णय के बाद सभी आरोपियों को सारंगपुर जेल भेज दिया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक बृज किशोर चैहान ने की।

# शासकीय महाविद्यालय छापीहेड़ा राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से बना सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

ग्राम खजूरी गोकुल में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस का संचालन के छठवें दिन विशेष अतिथि के रूप में शर्मा पधारे पहले मां सरस्वती के चित्र पर मालिया अर्पण कर दीप प्रज्वलित किया तथा शिक्षा को महत्व देते हमारे जीवन को संवारने के लिए महत्वपूर्ण जीवन जीने के लिए महत्वपूर्ण सीख को शिक्षा के माध्यम से सीखना पड़ता है वैसे ही जीवन में उपयोगी जो हमारे दैनिक जीवन में आधार बनाकर नित्य आते हैं उन्हें हम कैसे निर्वहन करते हैं शरीर के स्वास्थ्य के लिए उपयोगी शुद्ध वस्तुओं का सेवन करना इसी के साथ-साथ स्वच्छता एवं श्रमदान के लिए पल पल तैयार रहना इसी को समर्पण कहते हैं जीवन में उपयोगी वस्तुओं के साथ-साथ वृक्षारोपण अत्यंत जरूरी वृक्ष हमको जीवन दान देते क्योंकि वृक्ष में भी जान होती हे गर मन के भाव से वृक्ष को रोज पानी देने से एक दिन चूक जाते हैं तो वृक्ष हमाररी राह तकता है मनुष्य जीवन को जीने के लिए ऑक्सीजन अत्यंत जरूरी है हमको ऑक्सीजन वृक्ष ही प्रदाय करते हैं जीवन में हर व्यक्ति को एक वृक्ष रोपण जरूर करना चाहिए वृक्षारोपण करने का संकल्प लेना चाहिए साथ-साथ नकारात्मक चीजों को मन से दूर और सकारात्मक चीजों को अपनाना चाहिए के माध्यम से जो सिख सिखाई जाती है वह जीवन के हर पहलू पर खरी उतरती है जो उद्देश्य सरोकार साबित होते हैं उनका उद्बोधन निस्वार्थ भाव से होना चाहिए छठवें दिन में आज कई बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चाओं के साथ-साथ शिक्षा सत्र को बढ़ावा देते हुए छापीहेड़ा के वेध नरेंद्र कुमार शर्मा द्वारा महत्वपूर्ण विषयों को विस्तार पूर्वक बखान कर समझाया गया तथा उनके उद्देश्यों को जीवन में उपयोगी बातें मन में संग्रह करने के लिए प्रेरित भी किया।

जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने कार्रवाई के लिए दिए निर्देश

# पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिस कंट्रोल रूम में ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

पुलिस महानिरीक्षक द्वारा पुलिस कन्ट्रोल रुम में जिले में पुलिस कार्यप्रणाली की समीक्षा बैठक ली गई। समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मान सिंह ठाकुर सहित समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

पुलिस महानिरीक्षक अरविन्द कुमार सक्सेना द्वारा जिले में लंबित एससी-एसटी एक्ट से संबंधित अपराधों की स्थिति की समीक्षा की गई, इस दौरान थानावार लंबित अपराधों, लंबित चालान, लंबित राहत प्रकरणों की समीक्षा कर भविष्य में इन मामलों में और अधिक प्रभावी एवं संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने के निर्देश प्रदान किए गए । इसके साथ ही प्रकरणों में निष्पक्ष विवेचना, दोषियों पर कार्यवाही, पीड़ितों को त्वरित न्याय व सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया एवं एससी-एसटी एक्ट से जुड़े मामलों की उच्चाधिकारियों के द्वारा सतत निगरानी एवं थानों में प्राथमिकता से समीक्षा करने तथा एससी-एसटी बाहुल्य क्षेत्रों में जनचेतना शिविर लगाकर उन्हें उनके विधिक अधिकारों व उनके हित में शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जागरूक करने के निर्देश दिए गए साथ ही आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर कार्यवाही हेतु निम्नानुसार निर्देश दिए गए ः-सभी प्रकार के लंबित अपराधों का एक निश्चित समयावधि में निराकरण किया जाए।




लघु अधिनियम जुआ, सट्टा, अवैध शराब, अवैध मादक पदार्थ, अवैध आर्म्स, अवैध पशु परिवहन, आदि के विरूद्ध अभियान चलाकर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्यवाही की जाए। सभी लेवल पर सीएम हेल्पलाइन, सीएम मोनिट, सीएम हाउस एवं बरिष्ठ कार्यालयों की लंबित शिकायतों का समयावधि में संतुष्टि पूर्वक निराकरण करें ।नाबालिगों के अपहरण के मामलों में तत्परता से कार्यवाही कर अपहतों को यथा शीघ्र दस्तयाब करें। संपत्ति संबंधी अपराधों में सक्रियता से कार्यवाही करें और संपूर्ण रिकवरी के प्रयास किये जायें। थाना क्षेत्र के असामाजिक तत्वों की सूची तैयार कर उन पर अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें। थानों पर रखे जाने वाले विभिन्न रजिस्टरों का संधारण सुव्यवस्थित तरीके से किया जाए। सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारी अपने पास लंबित विभागीय शिकायत जांच यथाशीघ्र पूर्ण कर भेजें। ऐसे अपराधी जो किसी गंभीर अपराध में जमानत पर है और अपने जमानत पर रहने के दौरान भी अन्य आराधिक गतिविधियों में संलिप्त है, ऐसे अपराधियों की जमानत निरस्तीकरण की प्रभावी कार्यवाही करें।

आगामी त्यौहार होली, ईद-उल-फितर, रामनवमी, महावीर जयंती, अंबेडकर जयंती आदि त्यौहारों के दौरान समुचित व्यस्था लगाई जाकर त्यौहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराया जाए। सायबर अपराधों के प्रति जन जागरूकता हेतु थाना क्षेत्रों में समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।